# 19वीं राष्ट्रीय स्काउट गाइड जंबूरी

## चर्चा में क्यों?

उत्तर प्रदेश **भारत स्काउट्स एवं गाइड्स** की 19वीं राष्ट्रीय जंबूरी की मेज़बानी करेगा, जो एक प्रमुख युवा कार्यक्रम है, जिसमें भारत और विदेश से हज़ारों युवा शामिल होंगे।

## मुख्य बिंदु

- **प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी द्वारा उद्घाटन किया जाने वाला यह कार्यक्रम **23 से 29 नवंबर 2025** तक लखनऊ के वृंदावन योजना क्षेत्र में आयोजित होगा।
- प्रधानमंत्री का स्काउटिंग से पुराना संबंध है, उन्होंने **स्काउटिंग के शताब्दी वर्ष के दौरान गुजरात के मुख्यमंत्री के रूप में वर्ष 2009 में अहमदाबाद में आयोजित जंबूरी में भाग लिया था।**
- **गतिविधियाँ:** जंबूरी में विविध साहसिक खेल, विज्ञान प्रदर्शनी और सांस्कृतिक गतिविधियाँ शामिल होंगी, जो युवाओं को नेतृत्व निर्माण तथा कौशल विकास के अभ्यास में भाग लेने का अवसर प्रदान करेंगी।
- **इतिहास:** भारत में पहली जंबूरी वर्ष 1953 में हैदराबाद में आयोजित हुई थी और उत्तर प्रदेश ने वर्ष 1964 में **प्रयागराज में चौथे संस्करण की मेज़बानी की थी।**

**नोट:** भारत **स्काउट्स एवं गाइड्स** युवाओं के लिये एक स्वैच्छिक, गैर-राजनीतिक, शैक्षिक आंदोलन है, जो मूल, जाति या धर्म के भेदभाव के बिना सभी के लिये खुला है तथा इसका उद्देश्य, सिद्धांत और पद्धतियाँ **संस्थापक लॉर्ड बेडेन-पॉवेल द्वारा वर्ष 1907 में निर्धारित की गई थीं।**

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/19th-national-scout-guide